**भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर (2023-24)**

| **कक्षा-दसवीं** | **विभाग: हिंदी** | **Date –** |
|---|---|---|
| Revision Worksheet | विषय: (पदबंध एवं समास) | **Note: Pl. file in portfolio** |

**नाम :____________________अनुभाग :______अनुक्रमांक :______दिनांक :____________**

## पदबंध

(1) राष्ट्रप्रेम की कविताएँ लिखने वाला वह कवि सभी के अंदर जोश भर देता है।

(i) संज्ञा पदबंध (ii) सर्वनाम पदबंध (iii) क्रिया पदबंध (iv) क्रिया विशेषण पदबंध

(2) भयंकर अपराध करने वाले उस अपराधी को सजा तो मिलनी ही चाहिए थी।

(i) सर्वनाम पदबंध (ii) संज्ञा पदबंध (iii) विशेषण पदबंध (iv) क्रिया पदबंध

(3) चाजीन ने चाय तैयार करके उनके सामने रख दी।

(i) विशेषण पदबंध (ii) क्रिया पदबंध (iii) क्रिया विशेषण पदबंध (iv) सर्वनाम पदबंध

(4) तताँरा को मानो होश आया।

(i) विशेषण पदबंध (ii) क्रिया पदबंध (iii) संज्ञा पदबंध (iv) सर्वनाम पदबंध

(5) उसकी जीवन भर की ईमानदारी का फल उसे अब मिल रहा है।

(i) क्रिया पदबंध (ii) सर्वनाम पदबंध (iii) क्रिया विशेषण पदबंध (iv) संज्ञा पदबंध

(6) सदा सच बोलने वाला वह आज किस कारण झूठ बोलने पर मजबूर हो गया है।

(i) संज्ञा पदबंध (ii) सर्वनाम पदबंध (iii) क्रिया पदबंध (iv) विशेषण पदबंध

(7) इन फलों की मिठास अद्भुत है।

(i) सर्वनाम पदबंध (ii) संज्ञा पदबंध (iii) विशेषण पदबंध (iv) क्रिया पदबंध

(8) बंगले के पीछे लगा पेड़ गिर गया ।

(i) विशेषण पदबंध (ii) क्रिया पदबंध (iii) संज्ञा पदबंध (iv) सर्वनाम पदबंध

(9) भयंकर अपराध करने के कारण उसे कठोर सजा दी गई।

(i) विशेषण पदबंध (ii) क्रिया विशेषण पदबंध (iii) संज्ञा पदबंध (iv) सर्वनाम पदबंध

(10) मित्रमंडली के साथ मोहन घर पर बैठा है । संज्ञा पदबंध है -

(i) मित्रमंडली के साथ (ii) मोहन घर पर (iii) मित्रमंडली के साथ मोहन (iv) घर पर बैठा है

11. 'वह हिंदी लिख-बोल सकता है।' में क्रिया पदबंध है:

(i) है (ii) सकता है (iii) बोल सकता है (iv) लिख-बोल सकता है

12 सदैव जल से भरी रहने वाली नदी यहाँ बहती है। – वाक्य में संज्ञा पदबंध है:

(i) सदैव जल से (ii) भरी रहने वाली (iii) जल से भरी रहने वाली (iv) जल से भरी रहने वाली नदी

13 नदी <u>कल-कल करती हुई</u> बह रही थी।

(i) विशेषण पदबंध (ii) क्रियाविशेषण पदबंध (iii) संज्ञा पदबंध (iv) सर्वनाम पदबंध

14 वह लड़की अत्यंत सुशील व संस्कारी है। में विशेषण पदबंध है -

(i) वह लड़की (ii) अत्यंत सुशील व संस्कारी (iii) संस्कारी है (iv) है

15 वह पुस्तक पढ़ते-पढ़ते <u>सो गया।</u>

(i) विशेषण पदबंध (ii) क्रिया पदबंध (iii) संज्ञा पदबंध (iv) सर्वनाम पदबंध

**समास**

समास विषय पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर लिखिए-

(1) 'सेनानायक' का समास विग्रह व भेद होगा

(i) नायक है जो सेना-कर्मधारय समास (ii) सेना का नायक-तत्पुरुष समास

(iii) नायक है जिसकी सेना-बहुव्रीहि समास (iv) सेना और नायक-द्वंद्व समास

(2) "विचारमग्न' सामासिक शब्द का विग्रह और भेद होगा

(i) विचार और मग्न-द्वंद्व समास (ii) विचार है जो मग्न-कर्मधारय समास

(iii) विचारों में मग्न-तत्पुरुष समास (iv) विचारों का समूह-द्विगु समास

(3) 'त्रिवेणी' का विग्रह और समास का भेद होगा

(i) तीन वाणी हैं जिसकी-बहुव्रीहि समास (ii) तीन हैं जिसकी वेणियाँ-तत्पुरुष समास

(iii) तीन वेणियों के समान-कर्मधारय समास (iv) तीन वेणियों का समूह-द्विगु समास

(4) 'न पढ़ा लिखा' समस्त पद और समास का भेद है

(i) अनपढ़ – तत्पुरुष समास (ii) अन-पढ़-द्वंद्व समास

(iii) अनपढ़-अव्ययीभाव समास (iv) नापढ़-कर्मधारय समास

(5) 'भीमार्जुन' का समास विग्रह और भेद है

(i) भीम और अर्जुन-द्वंद्व समास (ii) भीम का अर्जुन-तत्पुरुष समास

(iii) भीम रूपी अर्जुन- कर्मधारय समास (iv) भीम है जिसका अर्जुन-बहुव्रीहि समास

(6) 'क्रोधाग्नि' का समास विग्रह व भेद होगा

(i) क्रोध रूपी अग्नि -कर्मधारय समास (ii) क्रोध और अग्नि का समूह-द्विगु समास

(iii) क्रोध के अनुसार अग्नि-अव्ययीभाव समास (iv) क्रोध और अग्नि-द्वंद्व समास

(7) 'पीतांबर' सामासिक शब्द का विग्रह और भेद

(i) पीत और अंबर-द्वंद्व समास (ii) पीले है अंबर जिसके-कर्मधारय समास

(iii) पीत के अंबर-तत्पुरुष समास (iv) पीले हैं अंबर जिसके-बहुव्रीहि समास

(8) 'नौ निधियों का समूह' का समस्त पद और समास का भेद होगा

(i) नव निधि-बहुव्रीहि समास (ii) नौ निधि-तत्पुरुष समास

(iii) नवानिधि-कर्मधारय समास (iv) नवनिधि-द्विगु समास

(9) 'जितना शीघ्र हो सके'-इसका समस्त पद और सामासिक भेद है

(i) अति शीघ्र-तत्पुरुष समास (ii) अति और शीघ्र-द्विगु समास

(iii) यथाशीघ्र-अव्ययीभाव समास (iv) यथाशीघ्र-कर्मधारय समास

(10) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए।

(I) धीरे-धीरे (I) द्वंद्व समास

(II) महापुरुष (II) तत्पुरुष समास

(III) बैलगाड़ी (III) बहुव्रीहि समास

(IV) चतुर्भुज (IV) द्विगु समास

इनमें से कौन-सा/कौन-से युग्म सही हैं।

(i) केवल (iv) (ii) केवल (III) (iii) (III) और (IV) (iv) (I) और (III)

(11) कांतिहीन का समास विग्रह व भेद होगा

(i) कांति से हीन-कर्मधारय समास (ii) कांति से हीन – तत्पुरुष समास

(iii) कांति है जो हीन -बहुव्रीहि समास (iv) कांति और हीन-द्वंद्व समास ।

(12) 'देशभक्ति, सामासिक शब्द का विग्रह और भेद है

(i) देश और भक्ति-द्वंद्व समास (ii) देश के लिए भक्ति- तत्पुरुष समास

(iii) देश की भक्ति-तत्पुरुष समास (iv) देश में है जो भक्ति-द्विगु समास

(13) 'दोपहर ' का समास विग्रह और समास का भेद होगा

(i) दो पहर हैं जिसकी-बहुव्रीहि समास (ii) दो का पहर-तत्पुरुष समास

(iii) दो हैं जो पहर-कर्मधारय समास (iv) दो पहरों का समूह-द्विगु समास

(14) न संभव – समस्त पद और समास का भेद है

(i) असंभव – तत्पुरुष समास (ii) नहीं-संभव- द्वंद्व समास

(iii) असंभव -अव्ययीभाव समास (iv) नसंभव-बहुव्रीहि समास

(15) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए

(I) चिंतामग्न-तत्पुरुष समास (II) जल्दी-जल्दी-द्वंद्व समास

(III) परोपकारी-अव्ययी भाव समास (IV) नवजीवन-द्विगु समास

इनमें से कौन सा/कौन से युग्म सही नहीं है

(i) केवल I (ii) केवल III (iii) III और IV (iv) I और III

= = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = =